महर्षि सान्दीपनि राष्ट्रीय वेदविद्या प्रतिष्ठान, उज्जैन

(शिक्षा मन्त्रालय भारत सरकार के अधीन स्वायत्तशासी संस्था)

Maharshi Sandipani Rashtriya Vedavidya Pratishthan

(An autonomous organisation under Ministry of Education, Govt. of India)

पत्र सं. 17-1/2024(प्र.वि.)/मसारावेविप्र/ 1510 दिनांक 20-08-2024

परिपत्र

विषय :- वार्षिक परीक्षा में छात्रों की अनुपस्थिति के सम्बन्ध में।

प्रतिष्ठान से अनुदानित वेद पाठशालाओं एवं गुरुशिष्य परम्परा इकाइयों में वेद अध्ययन कर रहे वित्तपोषित छात्रों के लिए प्रतिष्ठान द्वारा संस्था/वेदाध्यापक के खाते में राशि रु. 3500/- रख-रखाव छात्रवृत्ति एवं छात्र के खाते में राशि रु. 1500/- स्वतः व्यय छात्रवृत्ति कुल राशि रु. 5000/- प्रतिमाह इस प्रकार पूर्ण वर्ष के लिए राशि रु. 60,000/- प्रत्येक वित्तपोषित छात्र हेतु उसकी उपस्थिति के आधार पर भुगतान की जाती है।

वर्ष 2023-24 की वार्षिक परीक्षा में यह देखने में आया है कि पूर्ण वर्ष उपस्थित रहने के बाद भी छात्र वार्षिक परीक्षा में अनुपस्थित है, जिससे यह अनुमान होता है कि छात्र की वेद अध्ययन में रुचि नहीं है तथा गुरु/आचार्यों द्वारा समय पर परीक्षा में छात्र की उपस्थिति हेतु प्रयत्न नहीं किया गया। ऐसी स्थिति में प्रतिष्ठान से अनुदानित वेद पाठशालाओं एवं गुरुशिष्य परम्परा इकाइयों के अध्यापकों को निर्देशित किया जाता है कि इस तरह की परिस्थिति का तुरन्त संज्ञान लें व उनकी जानकारी तुरन्त प्रतिष्ठान के सम्बन्धित सहायक (डीलिंग असिस्टेंट) अथवा सम्बद्ध सहायक निदेशक को प्रेषित करें, जिससे उस छात्र का अनुदान स्थगित किया जा सकें, अन्यथा छात्रों के वार्षिक परीक्षा में अनुपस्थित रहने की स्थिति में वेद पाठशाला में संस्था के अनुदान से व गुरुशिष्य परम्परा इकाई में वेद अध्यापक के अनुदान से उपर्युक्त राशि विकलित (कम) कर अनुदान जारी किया जाएगा।

(प्रो. विरूपाक्ष वि. जड्डीपाल)
सचिव

प्रतिलिपि :-

1. सहायक निदेशक (शैक्षणिक), म.सा.रा.वे.वि.प्र., उज्जैन।
2. सम्बन्धित समस्त डीलिंग असिस्टेंट, म.सा.रा.वे.वि.प्र, उज्जैन।
3. प्रतिष्ठान से सम्बद्ध समस्त वेद पाठशालाओं, गुरुशिष्य परम्परा इकाइयों को सूचनार्थ एवं पालनार्थ प्रेषित।
4. प्रतिष्ठान की वेबसाइट पर प्रकाशनार्थ।
5. कार्यालय आदेश नस्ती।

वेद विद्या मार्ग, चिन्तामण गणेश, पो. जवासिया, उज्जैन-456006 (म.प्र.)

Vedavidya Marg, Chintaman Ganesh, P.O. Jawasiya, Ujjain - 456006 (M.P.)

दूरभाष : (0734) 2502266, 2502254, 2502255 email : msrvvpujn@gmail.com Website : www.msrvvp.ac.in